Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding setting up of Sikkim Central University.

श्री इंद्रा हांग सुब्बा (सिक्किम): अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं देश के इस सर्वोच्च सदन को बताना चाहूंगा और मिनिस्ट्री ऑफ ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट को यह बताना चाहूंगा कि वर्ष 2007 में सिक्किम सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई थी । लेकिन उस समय की सरकार ने लैण्ड देने में देरी कर दी, जिसकी वजह से आज तक सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी का कैम्पस नहीं बन पाया है । मैं आपके माध्यम से सरकार से यह रिक्वैस्ट करना चाहूंगा कि अभी जो लैण्ड दी गयी है, उसमें सिक्किम सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी का कैम्पस इस्टाब्लिश करने के लिए वन टाइम ग्रांट दी जाए, क्योंकि सिक्किम एक सेंसिटिव स्टेट है । यह बॉर्डर स्टेट है और यहां के युवाओं का हायर स्टेडीज़ में एजुकेटिड होना बहुत इम्पोर्टेंट है । इसके लिए आपके माध्यम से मेरा रिक्वैस्ट है कि पहले की सरकार ने जो गलती की, उस गलती की सजा हम युवाओं को भुगतनी न पड़े इसके लिए उस सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी के कैम्पस को जल्दी से जल्दी से एस्टेब्लिश करने के लिए आपके माध्यम से ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट मिनिस्ट्री से रिक्वैस्ट करना चाहूंगा । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री इंद्रा हांग सुब्बा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।